**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 10.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।
2. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कल एक बड़ा फैसला लेते हुए सभी अधिकारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी हैं।
3. गृह मंत्रालय ने राज्यों को आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया।
4. खेल और युवा मामले निदेशालय की ओर से कल श्री विजयपुरम में पांच किलोमीटर दौड़ और तीन किलोमीटर वाकाथॉन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><>

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में तीनों सेनाओं के प्रमुखों – थल सेना, वायु सेना और नौसेना के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी उपस्थित थे। इससे पहले, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव उपस्थित थे। गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशकों के साथ बैठक की।

<><><><><><><><><><>

भारत–पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कल एक बड़ा फैसला लेते हुए सभी अधिकारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अब किसी भी अधिकारी को तब तक छुट्टी नहीं दी जाएगी, जब तक कि वह चिकित्सकीय कारणों से न हो। जिन अधिकारियों की छुट्टियां पहले से स्वीकृत थीं, उन्हें भी तुरंत ड्यूटी पर लौटने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में एंबुलेंस की तैनाती, जरूरी दवाओं, उपकरणों, ब्लड, अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता, आईसीयू और मोबाइल ट्रॉमा यूनिट्स की व्यवस्था की जानकारी दी गई।

<><><><><><><><><><>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इस महीने की चौदह तारीख तक सभी नागरिक उड़ान संचालन के लिए उत्तरी और पश्चिमी भारत में बत्तीस हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। प्रभावित हवाई अड्डों में अमृतसर, चंडीगढ़, जम्मू, श्रीनगर, भुज, जामनगर, जैसलमेर, पठानकोट और अन्य जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली और मुंबई उड़ान सूचना क्षेत्रों के भीतर हवाई यातायात सेवा मार्गों के पच्चीस खंड भी इस अवधि के दौरान बंद रहेंगे। एयरलाइनों को व्यवधानों को कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों की योजना बनाने की सलाह दी गई है। अस्थायी बंद परिचालन कारणों से है और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय में इसका प्रबंधन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><>

केंद्र ने सभी राज्यों से आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा प्रमुखों को आपातकालीन खरीद का अधिकार देने को कहा है। अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव ने कल इस संबंध में राज्यों को पत्र लिखा।

इस बीच सरकार ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में पर्याप्त मात्रा में खाद्य भंडार हैं। साथ ही सरकार ने जमाखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी जारी की है।

<><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवामणि ने हाल ही में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का दौरा किया। दौरे के दौरान तटरक्षक बल की संपत्तियों की परिचालन तत्परता और बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान तटरक्षक महानिदेशक ने डिगलीपुर, मायाबंदर और कैंपबेल बे में फ्रंट लाइन कोस्ट गार्ड जिला मुख्यालयों का दौरा किया। इस क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इन स्टेशनों पर विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भी उद्‌घाटन किया गया।

<><><><><>

खेल और युवा मामले निदेशालय की ओर से कल श्री विजयपुरम में पांच किलोमीटर दौड़ और तीन किलोमीटर वाकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। दौड़ में पुरूष और महिलाएं भाग ले सकते हैं। यह दौड़ चाथम आरा मिल के गेट से आरंभ होकर नेताजी स्टेडियम में पहुंचकर सम्पन्न होगी। वाकाथॉन पचास वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरूष और महिलाओं के लिए होगी। यह वाकाथॉन फीनिक्स बे पावर हाउस चौक से आरंभ होकर नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न होगी। इच्छुक प्रतिभागियों को कल सुबह पांच बजे संबंधित स्थानों पर पहुंचने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए खेल और युवा मामले निदेशालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><>

विद्युत विभाग द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते श्री विजयपुरम के कई क्षेत्रों में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत भवन, बिजली मुख्यालय, नगरपालिका ऑडोटोरियम, अण्डमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय, सचिवालय, कोर्ट कॉम्पलैक्स, राज निवास और गांधी पार्क क्षेत्र शामिल है।

<><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने अधिसूचना जारी कर सरकारी प्रेस से होटल सिनक्लेयर्स के बीच के क्षेत्र में भूस्खलन के कारण इस सड़क को आज से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। इस सड़क के सभी वाहनों की आवाजाही आज से साउथ प्वाइंट से प्रेस की ओर डायवर्ट कर दी जाएगी।

<><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

गृह मंत्रालय की ओर से राज्यों को आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिए जाने की खबर को **द्वीप समाचार** ने आज अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। युवा महोत्सव स्पर्धा 2.0 के समापन की खबर को **डेली टेलीग्राम्स** ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। कॉलिनपुर बीच पर सफाई अभियान चलाए जाने की खबर को **इंफो इंडिया** ने पहले पन्ने पर जगह दी है। भारतीय तटरक्षक महानिदेशक के द्वीपसमूह दौरे की खबर को **द इको ऑफ इंडिया** ने सचित्र प्रकाशित किया है। भारत पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए आईपीएल के स्थगित होने के समाचार को **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है।

<><><><><>